भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2705
गुरुवार, 23 मार्च, 2023/2 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन स्थल

2705. श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र राज्य में विदेशी पर्यटकों द्वारा पसंद किए जाने वाले पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध गुणवत्ता और अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने विशेष रूप से महाराष्ट्र में सुविधाओं में सुधार करने के लिए कोई उपाय किए हैं और पर्यटन-अनुकूल पहल की हैं और केंद्र सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राज्य में पर्यटन हेतु कितना व्यय किया गया; और

(ग) सरकार द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय पर्यटक यात्राओं के संबंध में गंतव्य-वार आंकड़े नहीं रखता है। तथापि, वर्ष 2019, 2020 और 2021 के दौरान राज्य-वार विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रुप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार अपनी स्वदेश दर्शन, प्रसाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत योजनापूर्वक और चरणबद्ध तरीके से आगंतुकों को समृद्ध पर्यटन का अनुभव प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्रों/केन्द्रीय एजेंसियों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सतत् प्रक्रिया है। इन योजनाओं के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर मंजूरी प्रदान की जाती है।

महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना, प्रसाद योजना और पर्यटन अवसंरचना के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनायों का विवरण अनुबंध-**II** में दिया गया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी में बढोत्तरी करने के लिए देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों के संवर्धन हेतु पर्यटन सृजक बाजारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्द्धन करता है।

उपरोक्त उद्देश्यों को एकीकृत विपणन एवं संवर्धनात्मक कार्यनीति और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों तथा भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है। सरकार उद्योग विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहती है एवं भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के संवर्धन के लिए उनके सुझाव और प्रतिक्रिया प्राप्त करती है। आगंतुक आगमन को बढ़ाने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "अतुल्य भारत! विजिट इंडिया इयर 2023" घोषित किया है।

*****

अनुबंध-**I**

महाराष्ट्र में पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 23.03.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2705 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

2020, 2021 और 2022 के दौरान भारत में राज्य-वार विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी)

(आंकड़े '000 में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020 | 2021 | 2022 * |
|---|---|---|---|---|
| | | विदेशी | विदेशी | विदेशी |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 5.4 | 1.7 | 4.5 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 67.6 | 27.6 | 165.8 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1.0 | 0.2 | 1.0 |
| 4 | असम | 7.3 | 0.5 | 9.0 |
| 5 | बिहार | 308.1 | 1.0 | 86.8 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12.2 | 5.5 | 26.2 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2.3 | 0.0 | 0.6 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0.2 | 0.1 | 0.5 |
| 9 | दमन और दीव | 1.4 | 0.1 | 1.3 |
| 10 | दिल्ली* | 681.2 | 100.2 | 100.2 |
| 11 | गोवा | 302.8 | 22.1 | 179.7 |
| 12 | गुजरात | 210.0 | 11.3 | 2196.0 |
| 13 | हरियाणा | 17.5 | 4.6 | 10.9 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 42.7 | 4.9 | 29.3 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 5.3 | 1.7 | 20.0 |
| 16 | झारखंड | 0.5 | 1.6 | 192.3 |
| 17 | कर्नाटक | 165.3 | 72.5 | 128.5 |
| 18 | केरल | 340.8 | 60.5 | 345.5 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.4 | 0.0 | 0.1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 99.8 | 41.6 | 174.0 |
| 21 | महाराष्ट्र* | 1262.4 | 185.6 | 185.6 |
| 22 | मणिपुर | 3.1 | 0.6 | 3.9 |
| 23 | मेघालय | 2.3 | 0.4 | 7.9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | मिजोरम | 0.3 | 0.2 | 2.6 |
| 25 | नागालैंड | 0.5 | 0.3 | 2.9 |
| 26 | ओडिशा | 10.2 | 2.3 | 22.1 |
| 27 | पुदुचेरी | 92.1 | 0.3 | 0.9 |
| 28 | पंजाब | 359.1 | 308.1 | 329.5 |
| 29 | राजस्थान | 446.5 | 34.8 | 396.7 |
| 30 | सिक्किम | 19.9 | 11.5 | 68.6 |
| 31 | तमिलनाडु | 1228.3 | 57.6 | 329.9 |
| 32 | त्रिपुरा | 31.9 | 0.0 | 8.5 |
| 33 | तेलगांना | 46.7 | 5.9 | 68.4 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 890.9 | 44.7 | 213.9 |
| 35 | उत्तराखंड | 41.3 | 8.5 | 61.6 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 463.3 | 34.8 | 1037.0 |
| 37 | लद्दाख | 1.1 | 1.1 | 21.3 |
| | कुल | 7171.8 | 1054.6 | 6433.6 |

अ: अनंतिम

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग

*दिल्ली और महाराष्ट्र के लिए एफटीवी के आंकड़े संपूर्ण वर्ष के अनुमानित आंकड़े हैं।

नोट: वर्ष 2022 के दौरान चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के लिए एफटीवी के लिए आंशिक रूप से अनुमानित आंकड़े हैं।

*****

अनुबंध-**II**

महाराष्ट्र में पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 23.03.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2705 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

- महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभाव का विकास | 19.06 | 18.11 |
| 2. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-परादसिंघा-तेलनखंडी-गिराड का विकास | 53.96 | 32.04 |

- महाराष्ट्र में प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति का वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 27.67 |

- महाराष्ट्र में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(लाख रु. में)

| क्र. सं. | वर्ष | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2016-17 | महाराष्ट्र | पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 | 1500.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सहायता | | | |
| 2. | 2017-18 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 | 1250.00 |
| 3. | 2021-22 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 | 1875.00 |

*****